लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

दिनांक 04 जनवरी, 2017 को सम्पन्न कार्य परिषद, आपात–कालीन बैठक की कार्यवाही

उपस्थित

1.	प्रो0 एस0पी0 सिंह	अध्यक्ष / कुलपति
2.	श्री रतन कुमार	सदस्य
3.	श्री राकेश कुमार सिंह	सदस्य
4.	प्रो0 नन्दलाल भारती	सदस्य
5.	प्रो0 आर0आर0 यादव	सदस्य
6.	प्रो0 बालक दास	सदस्य
7.	डा0 (श्रीमती) शालिनी श्रीवास्तव	सदस्य
8.	डॉ0 एम0एस0 नक़वी	सदस्य
9.	प्रो0 सूर्य कान्त	सदस्य
10.	श्री देवी प्रसाद चौधरी	सदस्य
11.	श्री सुरेश चन्द्र तिवारी	सदस्य
12.	प्रो0 आभा अवस्थी	सदस्य
13.	श्री राम कुमार	कुलसचिव / सचिव

बैठक के आरम्भ में सर्वप्रथम कुलपति / अध्यक्ष कार्य परिषद ने सभी मा0 सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनायें ज्ञापित की जिस पर सभा में उपस्थित मा0 सदस्यों ने कुलपति महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया। तदोपरान्त मा0 कुलपति / अध्यक्ष महोदय ने कुलसचिव / सचिव को बैठक की कार्यवाही आरम्भ करने के निर्देश दियेः–

कार्यसूची

मद संख्या 01 लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के 59 वे दीक्षान्त समारोह वर्ष 2016 दिनांक 14.01.2017 के आयोजन हेतु विचार।

कुलपति महोदय ने परिषद को अवगत कराया कि **दीक्षान्त समारोह–2016** के मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करने हेतु माननीय श्री राज्यपाल द्वारा न्यायमूर्ति दिलीप बाबासाहेब भोसले, मुख्य न्यायाधीश, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश, के नाम का अनुमोदन प्राप्त हुआ था।

क्0प0उ0.......2

व्यक्तिगत समय लेकर उनके आवास पर दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता हेतु उनसे अनुरोध किया गया, जिस पर मा0 मुख्य न्यायाधीश द्वारा **दीक्षान्त समारोह–2016, दिनांक 14.01.2017** में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

"कार्य परिषद मा0 न्यायमूर्ति श्री दिलीप बाबासाहेब भोसले, मुख्य न्यायाधीश, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षान्त समारोह–2016, दिनांक 14.01.2017 में उपस्थित होने की स्वीकृति प्रदान करने पर उनका आभार ज्ञापित करती है, और उनकी गरिमामयी उपस्थिति हेतु प्रसन्नता व्यक्त करती है"

दीक्षान्त समारोह–2016, दिनांक 14.01.201 के द्वितीय सत्र में **पदक वितरण समारोह** आयोजित किया जायेगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि हेतु कुलपति महोदय ने न्यायमूर्ति श्री अमरेश्वर प्रताप साही, वरिष्ठ न्यायमूर्ति, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबद, खण्डपीठ लखनऊ, उत्तर प्रदेश से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित कर अनुरोध किया, जिस पर मा0 न्यायमूर्ति ने अपनी सहमति प्रदान की है।

"कार्य परिषद मा0 न्यायमूर्ति श्री अमरेश्वर प्रताप साही, वरिष्ठ न्यायमूर्ति मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबद, खण्डपीठ लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा दीक्षान्त समारोह–2016, दिनांक 14.01.2017 के द्वितीय सत्र में पदक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने की स्वीकृति प्रदान करने पर उनका आभार ज्ञापित करती है, और उनकी गरिमामयी उपस्थिति हेतु प्रसन्नता व्यक्त करती है"

धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक का समापन किया गया।

(राम कुमार)
कुलसचिव / सचिव

(प्रो0 एस0पी0 सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष

Scanned by CamScanner